मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी مولانا آزاد نیشنل اُردو یونیورسٹی
MAULANA AZAD NATIONAL URDU UNIVERSITY
A Central University under Ministry of Education
Government of India

***दिनांक 18.08.2025 को अपराह्न 03:30 बजे आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त।***

निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे -

1. प्रो.सैयद नजमुल हसन, **अध्यक्ष**
   ***प्रोफेसर, विज्ञान संकाय***
2. डॉ.शगुफ़्ता परवीन, **सदस्य / संयोजक**
   ***हिन्दी अधिकारी, हिन्दी प्रकोष्ठ***
3. प्रो. पठान रहीम खान, **सदस्य**
   ***विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग***
4. डॉ.अश्वनी, **सदस्य**
   ***एसोसिएट प्रोफेसर, शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग***
5. डॉ.मु.मुस्तफ़ा अली सरवरी, **सदस्य**
   ***एसोसिएट प्रोफेसर, एम.सी.जे.विभाग एवं जनसंपर्क अधिकारी***
6. डॉ. शाहिद जमाल, **सदस्य**
   ***सहायक प्रोफेसर, दक्कन अध्ययन केन्द्र***

सर्व-प्रथम संयोजक महोदया द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया और बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

***बैठक में निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई:-***

**बिंदु सं.1. हिन्दी प्रकोष्ठ द्वारा की गई पिछली गतिविधियों का पुनरावलोकन।**

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से हिन्दी अधिकारी(राजभाषा अधिकारी) द्वारा हिन्दी प्रकोष्ठ की पूर्व गतिविधियों और उपलब्धियों के बारे में सदस्यों के समक्ष निम्नलिखित विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।

- सभी विभागाध्यक्षों तथा अनुभागाध्यक्षों को विभागों/अनुभागों में राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के अनुपालन से संबंधित परिपत्र परिचालित कर दिया गया है।
- सूचित किया गया कि, सभी विभागाध्यक्षों तथा अनुभागाध्यक्षों को विभागों/अनुभागों में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन तथा राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए बनाए गए राजभाषा अधिनियम तथा नियमों के उल्लंघन को रोकने हेतु कार्यालय में जाँच-बिन्दु(Check points) स्थापित किए जाने से संबंधित परिपत्र परिचालित कर दिया गया है।
- सूचित किया गया कि, हिन्दी शिक्षण योजना के अंतर्गत हिन्दी पारंगत पाठ्यक्रम के सातवें बैच के उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों के प्रमाण पत्र हिन्दी शिक्षण योजना एवं केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त हो गए है।
- सूचित किया गया कि, हिन्दी शिक्षण योजना के अंतर्गत हिन्दी पारंगत पाठ्यक्रम की जुलाई-नवंबर, 2025 सत्र तथा हिन्दी टंकण की कक्षा हेतु कम संख्या में नामांकन प्राप्त होने के कारण कक्षा स्थगित कर दी गई।
- हिन्दी प्रकोष्ठ द्वारा विश्वविद्यालय की अधिसूचनाएं, आदेशों, सूचनाओं, परिपत्रों, मानक मसौदों आदि को द्विभाषी रूप में तैयार कर समय-समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराया जा रहा है।
- सूचित किया गया कि, हिन्दी प्रकोष्ठ द्वारा विश्वविद्यालय की हिन्दी वेबसाइट को समय-समय पर अद्यतन किया जा रहा है।

**बिंदु सं. 2. विश्वविद्यालय के कार्यालयों में राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देना।**

सदस्यों ने राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2025-26 के कार्यान्वयन से अवगत कराने तथा राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के प्रचार-प्रसार के लिए सभी विभागों एवं अनुभागों में संबंधित परिपत्र जारी कर राजभाषा (हिन्दी) के प्रति जागरूक करने का सुझाव दिया तथा इस दिशा में हिन्दी प्राज्ञ तथा पारंगत उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों द्वारा अपना सहयोग प्रदान किया जाए।

सदस्यों का सुझाव था कि, राजभाषा नियम 1976 के नियम 5 के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय/यूजीसी तथा अन्य संस्थाओं से हिन्दी में प्राप्त पत्रों का जवाब हिन्दी में देने का प्रयास किया जाना चाहिए, अन्यथा यह नियम का उल्लंघन होगा।

**बिंदु सं. 3. तिमाही प्रगति रिपोर्ट के संबंध में चर्चा।**

समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया गया कि, जून, 2025 तक की तिमाही प्रगति रिपोर्ट ,राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय को भेज दी गई है। सदस्यों द्वारा संतुष्टि व्यक्त की गई।

**बिंदु सं. 4. हिन्दी दिवस पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में।**

सदस्यों नें हिन्दी सप्ताह-2025 समारोह 11.09.2025 से 17.09.2025 तक मनाने और कर्मचारियों/छात्रों के मध्य कुछ ऑनलाइन/ऑफलाइन कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं को आयोजित करने का सुझाव दिया, जो इस प्रकार है :

| **क्र.सं.S. No.** | **कार्यक्रम/ Events** | **तिथि/ Date** |
|---|---|---|
| 01. | हिन्दी सप्ताह पोस्टर का विमोचन / Release of Hindi Week Poster | 11.09.2025 |
| 02. | प्रशासनिक वाक्यांशों का अनुवाद/ Translation of Administrative Phrases Competition | 12.09.2025 |
| 03. | स्लोगन लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता / Slogan Writing & Debate Competition | 15.09.2025 |
| 04. | हिन्दी निबंध/टिप्पण लेखन प्रतियोगिता / Hindi Essay/Noting Writing Competition | 16.09.2025 |
| 05. | समापन सत्र/ Valedictory Session | 17.09.2025 |

सदस्यों नें सुझाव दिया कि, पी.पी.टी के माध्यम से विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के निकट स्थित एल.ई.डी(LED Screen) पर **"हिन्दी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं"** तथा हिंदी भाषा से संबंधित सूक्तियों को प्रदर्शित किया जाए।

**बिंदु सं. 5. अध्यक्ष की आज्ञा से कोई भी अन्य मद।**

- सभी विभागों के कार्यालयों में राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम 2025-26 के कार्यान्वयन से संबंधित जानकारी प्रदान कर, हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करना।

धन्यवाद के साथ बैठक संपन्न हुई।

**हिन्दी अधिकारी**
**सदस्य एवं संयोजक**
**मानू, हैदराबाद**